कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल।

E-mail:dfonainital@gmail.com Telefax.05942-236790

पत्रांकः– 05 /12–1 दिनांक 1 / 7 /2024

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड,
लोक निर्माण विभाग, नैनीताल।

विषयः– **जनपद नैनीताल में देवीधूरा से धापला मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 4.86 है० वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लो०नि०वि० को प्रत्यावर्तन।**

संदर्भ :– **अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, नैनीताल की पत्र संख्या 2185/29 एम०जी० दिनांक 11.06.2024।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के माध्यम से आप द्वारा प्रेषित आख्या में निम्न कमियां पायी गयी हैं –

1. बिन्दु संख्या 2 के अनुसार आप द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रभागीय वनाधिकारी, रामनगर की पूर्ण स्पष्ट SIR चस्पा की गयी है, जबकि प्रस्ताव इस कार्यालय में प्रेषित नहीं किये गये हैं और न ही SIR की प्रति तथा साथ ही उक्त पत्र में प्रभागीय वनाधिकारी, रामनगर वन प्रभाग, रामनगर को SIR उपलब्ध कराने हेतु लिखा गया है। स्थिति स्पष्ट करें।
2. बिन्दु संख्या 7 में आप द्वारा वर्णित किया गया है कि संशोधित उपयोगिता प्रमाण पत्र चस्पा कर दिया गया है जबकि संदर्भित पत्र में इसकी प्रति संलग्न नहीं है एवं साथ ही आपके द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी, भूमि संरक्षण, लैंसडाउन को उक्त पत्र के माध्यम से विषयांकित प्रस्ताव हेतु क्षतिपूरक वृक्षारोपण योजना उपलब्ध कराने हेतु लिखा गया है। स्थिति स्पष्ट करें।

उक्त के अतिरिक्त प्रस्ताव इस कार्यालय में उपलब्ध नहीं कराये गये हैं, जिस कारण संशोधनों की पुष्टि नहीं हो पा रही है। अतः उक्त कमियों का निराकरण करते हुए आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

for प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल